




... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, बुधवार, 01 अप्रैल-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष -43 ● अंक 184 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया










# महंगाई का झटका

## महीने के पहले दिन ही हवाई ईंधन, पेट्रोल-डीजल और कॉमर्शियल एलपीजी कीमतों में इजाफा

**● केन्द्र सरकार का दावा- सौ प्रतिशत तक होने वाली बढ़ोत्तरी को हमने सिर्फ 25 प्रतिशत पर ही रोक दिया**




**नई दिल्ली।** ईरान युद्ध भले ही भारत से बहुत दूर हो रहा हो लेकिन उसका व्यापक असर अब भारत में दिखने लगा है। वैश्विक तेल कीमतों में उछाल के कारण विमानन टरबाइन ईंधन (एटीएफ) की कीमत में आज भारी वृद्धि की गयी है इसके साथ ही व्यावसायिक सिलेंडर की कीमत में भी एक बार फिर इजाफा कर दिया गया है। यह पहला मौका है जब एटीएफ की कीमत दो लाख रुपये प्रति किलोलीटर के स्तर को पार कर गई है। दिल्ली में अब एटीएफ की कीमत एक लाख चार हजार नौ सौ सत्ताईस रुपये प्रति किलोलीटर पहुंच गई है, जो पिछले महीने के मुकाबले करीब 8.5 प्रतिशत ज्यादा है। केंद्र सरकार ने सीधे और स्पष्ट तौर कहा है कि अंतरराष्ट्रीय हालात के चलते एटीएफ की कीमतों में एक अप्रैल को सौ प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी हो सकती थी। लेकिन घरेलू यात्रियों को राहत देने के लिए इस बढ़ोतरी को केवल पच्चीस प्रतिशत तक सीमित रखा गया। यानी लगभग पंद्रह रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर इसे चरणबद्ध तरीके से लागू किया गया। यह फैसला विमानन क्षेत्र के लिए किसी राहत से कम नहीं है, क्योंकि अगर पूरी बढ़ोतरी लागू होती तो हवाई किराए आसमान छू लेते और यात्रियों की जेब पर सीधा हमला होता। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु ने कहा कि वैश्विक ऊर्जा संकट और होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने जैसी असाधारण परिस्थितियों के चलते 1 अप्रैल से एविएशन टर्बाइन फ्यूल की कीमतों में 100 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ोतरी की आशंका थी।

### बैंकों ने भी ग्राहकों पर बोझ बढ़ाया

**नई दिल्ली।** तमाम बैंकों ने अप्रैल के पहले दिन एटीएम विड्रॉल के नियम बदलकर ग्राहकों की जेब का बोझ बढ़ाने वाला कदम उठाया है। HDFC Bank के एटीएम से UPI का यूज कर कैश निकालते हैं, तो अब ये निकासी एटीएम फ्री ट्रांजैक्शन लिमिट में गिनी जाएगी, पहले ऐसा नहीं था। महानगरों में एचडीएफसी एटीएम में 5 ट्रांजैक्शन, जबकि अन्य जगह 3 ट्रांजैक्शन फ्री हैं, इसके बाद हर ट्रांजैक्शन के लिए 23 रुपये का चार्ज और टैक्स लगेगा। 1 अप्रैल से ही महंगाई का झटका शेयर बाजार में ट्रेडिंग करने वालों पर भी पड़ा है। हालांकि, इसका ऐलान बजट में ही वित्त मंत्री ने कर दिया था और अब ये प्रभावी हो गया है। दरअसल, अप्रैल के पहले दिन से एसटीटी रेट बढ़ गया है। अगर फ्यूचर एंड ऑप्शंस ट्रेडिंग करते हैं, तो सिक्योरिटी ट्रांजैक्शन टैक्स (STT) ज्यादा देना पड़ेगा। फ्यूचर पर एसटीटी 150 प्रतिशत और ऑप्शन पर एसटीटी करीब 50 प्रतिशत बढ़ा है।

### राष्ट्रपति ने 'ट्रांसजेंडर संशोधन विधेयक 2026' को अपनी औपचारिक मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 'ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन विधेयक, 2026' को अपनी औपचारिक मंजूरी दे दी है। इस नए कानून का उद्देश्य ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को शारीरिक क्षति पहुचाने वाले अपराधियों के लिए क्रमिक दंड (ड्रैूँलू झर्हैतूगे) का प्रावधान करना है। कानून मंत्रालय ने 30 मार्च को इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। विपक्षी सांसदों ने ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन विधेयक, 2026 की आलोचना करते हुए कहा कि इसमें समलैंगिक पुरुषों (गे) और समलैंगिक महिलाओं (लेस्बियन) को इसके दायरे से बाहर रखा गया है। विधेयक में यह निर्धारित करने के लिए एक प्राधिकरण के गठन का प्रावधान किया गया है कि कोई व्यक्ति ट्रांसजेंडर है या नहीं। इस प्रावधान को लेकर भी विपक्ष ने आपत्ति जताई है। कानून मंत्रालय की 30 मार्च की अधिसूचना के अनुसार, संशोधित कानून केंद्र सरकार द्वारा राजपत्र में अधिसूचना जारी कर निर्धारित की गई तिथि से लागू होगा। संसद के दोनों सदनों में हुई बहस के दौरान सरकार ने कहा कि विधेयक का उद्देश्य ट्रांसजेंडर व्यक्तियों की सुरक्षा करना है, जबकि विपक्ष ने आरोप लगाया कि यह प्रस्तावित कानून आत्म-पहचान के अधिकार को सीमित करता है।

### मंदिर में भगदड़ मामले में पुजारी समेत 4 गिरफ्तार, 40 पर केस दर्ज

**नालंदा।** नालंदा के शीतला माता मंदिर में हुई भगदड़ के बाद प्रशासन ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। इस दर्दनाक हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई थी, जिससे पूरे इलाके में शोक का माहौल है। घटना के बाद पुलिस और प्रशासन पर सवाल उठने लगे थे। अब मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों पर शिकंजा कसा जा रहा है। पुलिस ने इस मामले में एक पंडा सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इन पर भीड़ प्रबंधन में लापरवाही और अव्यवस्था फैलाने का आरोप है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे और भी गिरफ्तारियां हो सकती हैं। इस मामले में कुल 40 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। इनमें 20 नामजद और 20 अज्ञात आरोपी शामिल हैं।

### क्रीमिया में क्रैश हुआ रूस की सेना का विमान 29 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** बुधवार तड़के आई रिपोर्ट्स के मुताबिक रूस की समाचार एजेंसी- TASS ने रक्षा मंत्रालय के हवाले से बताया, स्थानीय समय के अनुसार मंगलवार शाम लगभग छह बजे (1500 GMT) क्रीमिया के ऊपर से उड़ान भरते समय विमान से संपर्क टूट गया। समाचार एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक रूसी सैन्य परिवहन विमान एएन-26 एक चट्टान से टकराकर क्रैश हो गया। हादसे में विमान में सवार 29 लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना संभवतः किसी तकनीकी खराबी के कारण हुई है। विमान के क्रैश होने के कारणों की पड़ताल की जा रही है।

## बैंक को 23 करोड़ की चपत

**● नकली सोना रखकर लिया गोल्ड लोन, दो साल बाद उजागर हुआ मामला**



**नई दिल्ली।** ICICI बैंक में 23 करोड़ रुपये के गोल्ड लोन घोटाले का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार अधिकारियों को इंटरनल ऑडिट में इस बात का पता चला। नागपुर में बैंक की नौ ब्रांचों में नकली सोना जमा किया गया है। बैंक के जोनल ऑफिस के कर्मचारी, धनंजय रमेश थिटे की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए, धंतोली पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि यह धोखाधड़ी जनवरी 2023 से अक्टूबर 2025 के बीच अंजाम दी गई थी। यह घोटाला तब सामने आया, जब बैंक ने अपने गोल्ड लोन पोर्टफोलियो का इंटरनल ऑडिट किया। इस ऑडिट के दौरान पता चला कि बैंक की नौ अलग-अलग ब्रांचों में गिरवी रखे गए गहने असल में सोने के नहीं है, उसकी जगह नकली सोना जमा किया गया था। पुलिस की माने तो कुल 195 लोगों ने नकली सोना जमा किया है। जिसकी कुल कीमत 23 करोड़ रुपये बताई जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले में की जांच की जा रही है।

### दो बच्चों की हत्या कर मां खुद भी मौत को लगाया गले

**नई दिल्ली।** हैदराबाद में 29 साल की महिला ने कथित तौर पर अपने दो बेटों की जान ले ली और फिर आत्महत्या कर लिया। पुलिस की थ्योरी के अनुसार इस हाहाकारी कदम के पीछे लंबे समय से चला आ रहा पारिवारिक कलह हो सकता है। मृतकों की पहचान एस बनोथ श्रावंती (29), कार्तिक (12) और कौशिक (10) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, श्रावंती ने करीब 13 साल पहले बोडा प्रवीण से शादी की थी। वहीं प्रवीण ने किसी दूसरी महिला से भी शादी कर ली थी। इसको लेकर प्रवीण और श्रावंती के अक्सर झगड़े होते रहते थे।

### सेंसेक्स और निफ्टी में तेजी से बढ़ा निवेशकों का भरोसा



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार ने आज बुधवार को मजबूत शुरुआत की। वैश्विक बाजारों में आई तेजी और पश्चिम एशिया में जारी अमेरिका-ईरान संघर्ष के जल्द खत्म होने की उम्मीदों ने निवेशकों का भरोसा बढ़ाया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 1,899.53 अंक बढ़कर 73,847.08 पर पहुंचा; निफ्टी 572.55 अंक बढ़कर 22,903.95 पर पहुंच गया। शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 15 पैसे बढ़कर 94.70 पर पहुंच गया। सेंसेक्स की सभी 30 कंपनियों के शेयरों में तेजी देखी गई, जिनमें ट्रेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, अदानी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस, इंटरग्लोब एविएशन और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख लाभ कमाने वाली कंपनियां बनकर उभरीं। आज ऑटो, IT, मेटल और बैंकिंग शेयर्स में ज्यादा खरीदारी है। दुनियाभर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों ने निवेशकों का भरोसा बढ़ा दिया है।

### अब अमेरिका की तरफ से संयुक्त अरब अमीरात भी लड़ेगा


**नई दिल्ली।** संयुक्त अरब अमीरात (UAE) ने अमेरिका और अन्य पश्चिमी सहयोगियों को बताया है कि वह होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए मदद करेगा। इसके लिए उसने तैयारी भी शुरू कर दी है। UAE दर्जनों देशों को 'होर्मुज सुरक्षा बल' बनाने के लिए प्रेरित कर रहा है, ताकि इस जलडमरूमध्य को ईरानी हमलों से बचाया जा सके और जहाजों को सुरक्षा दी जा सके। काबिलेगौर है कि UAE को किसी भी अन्य देश, यहां तक कि इजरायल से भी ज्यादा ईरानी हमलों का सामना करना पड़ा है। लेकिन वहीं दूसरी तरफ अमेरिका के कई सहयोगी देशों ने कहा है कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को खोलने के लिए जहाज भेजने की उनकी कोई तत्काल योजना नहीं है। उन्होंने इस अहम जलमार्ग को खुला रखने के लिए ट्रंप की अपील को ठुकरा दिया है।

## 15 दिनों में ईरान युद्ध खत्म हो जाएगा!

**● फिर होंगी बड़ी चुनौतियां, ऊर्जा संकट से उबरने में वक्त लगेगा**



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी ईरान युद्ध को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने संकेत दिया है कि यह संघर्ष अगले दो हफ्तों में खत्म हो सकता है। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि अगर युद्ध जल्दी खत्म भी हो जाए, तब भी दुनिया को ऊर्जा संकट से बाहर आने में काफी समय लग सकता है। राष्ट्रपति ट्रंप ने यह भी संकेत दिया है कि बिना स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को दोबारा खोलने के समझौते के भी युद्ध खत्म हो सकता है। इससे यह आशंका बढ़ गई है कि युद्ध खत्म होने के बाद भी तेल और गैस की सप्लाई में बाधा बनी रह सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि अभी जो टैंकर समुद्र में फंसे हुए हैं, उनका असर आने वाले हफ्तों में दिखेगा।



# असम में मोदी का कांग्रेस पर हमला

## भाजपा लगाएगी जीत की हैट्रिक, स्वघोषित राजकुमार के पराजय की होगी सेंचुरी

**● आदिवासियों के हितों की सुरक्षा के साथ आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर सिर्फ एनडीए ही बना सकता है**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को असम के गोगामुख में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने पिछले 10 सालों में भाजपा सरकार के अंतर्गत असम में हुए विकास कार्यों की सराहना की। पीएम मोदी ने कहा कि जनता के आशीर्वाद से भाजपा इस बार जीत की हैट्रिक लगाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'भाजपा के 10 साल के शासन ने असम में 'सेवा' और 'सुशासन' के एक नए दौर की शुरुआत की है। पिछले 10 सालों में असम में 22 लाख से ज्यादा गरीब परिवारों को पक्के घर दिए गए हैं। भाजपा समान नागरिक संहिता लागू करेगी और असम की पहचान की रक्षा के लिए आदिवासियों के हितों की सुरक्षा करेगी। सुबनसिरी जल विद्युत परियोजना असम को बाढ़ से बचाएगी।' पीएम नरेंद्र मोदी ने आगे कहा, 'हर कोई कह रहा है कि असम में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर सिर्फ भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए ही बना सकता है। असम के चुनाव की घोषणा के बाद ये मेरी पहली जनसभा है। ये जो सामने जनसमुद्र है, युवाओं का ये उत्साह, बहनों-बेटियों का ये आशीर्वाद, ये प्यार इस बात की खुली घोषणा है कि इस बार हैट्रिक पक्की है।' उन्होंने कहा, 'आप सबके आशीर्वाद से मुझे प्रधानमंत्री के रूप में हैट्रिक बनाने का अवसर मिला। आप सबके आशीर्वाद से इस मैदान में भी हैट्रिक लगाने का अवसर मिला है, मैं यहां तीसरी बार आया हूं। और आपके आशीर्वाद से असम में सरकार भी हैट्रिक बनाने वाली है।' इस दौरान प्रधानमंत्री ने कांग्रेस और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर भी हमला किया। उन्होंने कहा, 'पहले सर्वानंद सोनोवाल का नेतृत्व और फिर हिमंता बिस्वा सरमा की अगुवाई में असम ने बीते 10 वर्षों में सेवा और सुशासन का नया दौर देखा है। असम के ये चुनाव विकसित असम से विकसित भारत बनाने का चुनाव है। इस बार भाजपा-एनडीए सरकार की हैट्रिक लगनी तय है और कांग्रेस की पराजय की हैट्रिक भी तय है। कांग्रेस के स्वघोषित राजकुमार की पराजय की सेंचुरी लगने वाली है।'

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाईव
● तापमान अधिकतम : 33.7°C
● तापमान न्यूनतम : 18.8°C
● सूर्योदय : 06.11
● सूर्यास्त : 06.05
वाराणसी, 01 अप्रैल, बुधवार 2026 (2)





# छात्र की हत्या के विरोध में मुंडन

## प्रिंसिपल पर कार्रवाई की मांग को लेकर बेमियादी धरना-प्रदर्शन, नारेबाजी

● परिसर में फोर्स तैनात, आलाधिकारी मौके पर पहुंचे



वाराणसी। वाराणसी के यूपी (उदय प्रताप) कॉलेज में धरनास्थल पर आज कई छात्रों ने अपना सिर मुड़वाया। इसके बाद कॉलेज परिसर में ही धरने पर बैठे हैं। प्रदर्शन कर रहे आक्रोशित छात्र कालेज के प्रिंसिपल के खिलाफ अनूठे अंदाज में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं, कैंपस में धरना स्थल पर 200 से ज्यादा पुलिस फ़ोर्स तैनात हैं। ADCP नीतू कात्यायन मौके पर पंहुची। बीते 20 मार्च को कालेज कैंपस में दिनदहाड़े छात्र सूर्य प्रताप सिंह की हत्या कर दी गई थी। जिसमें मुख्य आरोपी मंजीत चौहान को पुलिस ने उसी दिन गिरफ्तार कर लिया था। जबकि दूसरा आरोपी अनुज ने मंगलवार को कोर्ट में समर्पण किया था। छात्र लगातार प्रिंसिपल के खिलाफ भी मोर्चा खोले हुए हैं। वहीं आरोपी को जल्द से जल्द फांसी हो, इसकी मांग कर रहे हैं। यह छात्र प्रिंसिपल पर मुकदमा दर्ज किए जाने और कॉलेज से कार्य मुक्त करने के लिए अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे हुए हैं। मुंडन कराने वाले छात्रों का कहना है कि 20 मार्च को 5000 छात्रों के बीच में सूर्य प्रताप की हत्या की गई। पूरी घटना का वीडियो सीसीटीवी में दर्ज है। इसके बावजूद अभी तक कोई विशेष कार्रवाई नहीं की गई। छात्रों की मांग है कि कि आरोपी छात्र मनजीत की फांसी होनी चाहिए। इसके साथ कॉलेज के प्रिंसिपल, जिनकी भूमिका संदिग्ध है उनके खिलाफ भी एक्शन हो। उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए और उन्हें कॉलेज से तत्काल हटाया जाए। विरोध करने वाले छात्रों का कहना है कि जब तक हमारी मांग पूरी नहीं हो जाती है, तब तक हम धरना प्रदर्शन पर बैठे रहेंगे।

## सपा व्यापार-सभा प्रदेशाध्यक्ष का सगा भतीजा हवाला कारोबार में गिरफ्तार

**वाराणसी।** वाराणसी की कोतवाली पुलिस ने कफसिरप कांड की जांच में बर्तन कारोबारी वैभव जायसवाल को गिरफ्तार किया है। वैभव पर हवाला के जरिए करोड़ों रुपये के हेरफेर करने का आरोप है। इसके साथ ही वह शुभम का राजदार और मददगार है जो ब्लैक मनी को नंबर एक में बदलता था। पुलिस ने अवैध कारोबार की रकम इधर-उधर पहुंचाने वाले मुख्य आरोपी वैभव जायसवाल को गिरफ्तार कर लिया है। वैभव का परिवार बर्तन कारोबारी है और समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल का भतीजा है। पुलिस ने आरोपी को पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। बता दें कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव लगातार कोडिन कफ सिरप में पूर्व सांसद धनंजय सिंह समेत भाजपा नेताओं की मिलीभगत और भूमिका पर सवाल उठाते रहे, जबकि अब उनकी पार्टी के व्यापार सभा प्रदेशाध्यक्ष का सगा भतीजा पूरे काले कारोबार की अहम कड़ी बनकर सामने आया है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेंडरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.)/ वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं:

**कार्य का नाम** : वमंइ/प्रथम/वाराणसी कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न गर्डर पुलों पर एच–बीम स्लीपर द्वारा मौजूदा चैनल स्लीपर का टीबीएसआर कार्य (कुल 672 नं.), **ई-निविदा सूचना सं.** : एनईआर-बीएसबी-2025-163, **अनुमानित लागत** : ₹ 2,85,33,124/-, **अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी)** : ₹ 5,70,700/-, **निविदा बन्द होने की तिथि** : 29.04.2026, **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि** : 06 माह।

• निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2025-163, दिनांक 29.04.2026 को 14:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मण्डल रेल प्रबन्धक/(इंजी.)
मुजाधि/डब्ल्यू-534 वाराणसी

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

## अधिकारियों ने वन मंत्री के समक्ष विभागीय मुद्दा उठाया



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** वाराणसी मंडल के वन अधिकारियों ने आज सर्किट हाउस में वन मंत्री, डॉ. अरुण कुमार सक्सेना से मुलाकात की और विभागीय मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में सारनाथ जू और डियर पार्क के आधुनिकीकरण, काइठी में डॉल्फिन संरक्षण आरक्षित क्षेत्र की स्थापना, और 2026 के वर्षा ऋतु में हरित गतिविधियों में जन भागीदारी बढ़ाने पर चर्चा हुई। उत्तर प्रदेश के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने बैठक की अध्यक्षता की। आईएफएस, वन संरक्षक और क्षेत्रीय निदेशक, वाराणसी वन मंडल, डॉ. रवि कुमार सिंह ने बैठक का समन्वय किया। सभी डीएफओ, डीएलएम, डीएसएम, और क्षेत्रीय अधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने बैठक में भाग लिया।

## सोलह साल पुराने मामले में सात कांग्रेसी बरी

● महानगर अध्यक्ष ने बताया सत्य और न्याय की जीत



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** लगभग 16 वर्षों तक चली लंबी कानूनी प्रक्रिया के बाद न्यायालय द्वारा वर्ष 2010-11 के आंदोलन से जुड़े मामले में सात साथियों को दोषमुक्त किए जाने के फैसले से कांग्रेसजनों में खुशी की लहर है। इस ऐतिहासिक निर्णय को सत्य और न्याय की जीत के रूप में देखा जा रहा है। ज्ञात हो कि वर्ष 2010-11 में तत्कालीन सरकार की नीतियों के विरोध में नगर निगम परिसर में एक लोकतांत्रिक आंदोलन आयोजित किया गया था। इस आंदोलन से बौखलाई प्रशासनिक व्यवस्था ने देर रात कार्रवाई करते हुए कांग्रेस नेतागण राघवेंद्र चौबे, अरविन्द किशोर राय सहित कुल सात साथियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। इस प्रकरण में कांग्रेस नेता राघवेंद्र चौबे, अरविंद किशोर राय, राजेन्द्र मिश्रा, घनश्याम सिंह, पुन्नूलाल बिन्द, गुलाम हैदर, प्रमोद सोनकर सहित अन्य साथियों पर आरोप लगाए गए थे। मामले की सुनवाई के दौरान सभी पक्षों के तर्क, साक्ष्य और परिस्थितियों का गहन परीक्षण करते हुए न्यायालय ने अपना अंतिम निर्णय सुनाया, जिसमें सभी आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया गया।

## बरेका में कर्मचारियों को दी गई भावभीनी विदाई



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** बनारस रेल इंजन कारखाना में मंगलवार को प्रशासन भवन स्थित कीर्ति कक्ष में आयोजित सेवानिवृत्ति समारोह में बरेका परिवार ने अपने एक अधिकारी सहित पांच कर्मचारियों को ससम्मान विदाई दी। इस अवसर पर सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी/कर्मचारियों में सहायक कार्य प्रबंधक संजय कुमार श्रीवास्तव, एसएसई/एम/डी अरुण कुमार सिंह, एसएसई/मशीनिष्ट राम केवल नोनिया, एसएसई/मशीनिष्ट नरेश कुमार सिन्हा, एसएसई/टीआर नंदजी चौबे एवं वरिष्ठ तकनीशियन लक्ष्मण प्रसाद शामिल रहे। विदाई समारोह में सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अपने सेवाकाल के महत्वपूर्ण अनुभवों को साझा करते हुए बरेका के साथ अपने भावनात्मक जुड़ाव को व्यक्त किया।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **क्र०सं०:– 1, ई–प्रापण निविदा संख्या:–** उप मु०इं०–नि०–पुल–जीकेपी–07–2026 दिनांक: 30.04.2026, **कार्य का नाम:–** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल की सहजनवा दोहरीघाट फेज–I नई लाइन परियोजना के संबंध में, मगर –सहजनवा –जगतबेला –बांसगांव खंड के बीच 60 केजी (90 यूटीएस) /60 ईआई–आर–260) रेलों और 52 केजी/90आर रेल (90/72 यूटीएस) रेलों का एल्युमिनो–थर्मिट वेल्डिंग कार्य।, **अनुमानित निविदा मुल्य:**–51,21,915.50, **बयाना राशि (रु०):**– 1,02,500.00, **निविदा प्रपत्र का मुल्य (रु०):**– –, **कार्य पूर्ण करने की अवधि:**– 24 (चौबीस) माह, • बिड प्रारम्भ करने की तिथि – दिनांक 16.04.2026, • उपरोक्त ई–निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथि–दिनांक 30.04.2026 15.00 बजे तक, • उपरोक्त ई–निविदा खुलने की तिथि–दिनांक 30.04.2026 15.00 बजे, • निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट https://ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।, • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

उप मुख्य इन्जी०/निर्माण/पुल
मुजाधि/डब्लू–538 गोरखपुर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

## सृजन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी शैक्षणिक उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किए गए

● स्वर्गीय राधा देवी की स्मृति में अचीवर्स डे समारोह



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** राजातालाब, क्षेत्र के दीपापुर गांव स्थित सृजन पब्लिक स्कूल प्राइमरी, जूनियर और हाईस्कूल सेक्शन में स्वर्गीय राधा देवी की स्मृति में अचीवर्स डे समारोह मंगलवार को खुशी के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अराजी लाइन ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि डा. महेंद्र सिंह पटेल ने किया। चेयरमैन अजय यादव, महेंद्र सिंह पटेल, प्रधानाचार्य अमित त्रिपाठी सहित अतिथियों ने इस अवसर पर उपस्थित होकर सत्र 2025-26 के लिए शैक्षणिक उत्कृष्टता पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया। शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के टॉपर में कक्षा नर्सरी श्रृष्टि उपाध्याय, कक्षा एलकेजी आरूष सिंह, कक्षा यूकेजी अविका शर्मा, कक्षा एक प्रीती, कक्षा दो कार्तिक सिंह, कक्षा तीन ध्रुव राव, कक्षा चार खुशी सिंह, कक्षा पाँच वंशिका सिंह, कक्षा छह आयुष कुमार यादव, कक्षा सात रानी यादव, कक्षा आठ प्रिंस कुमार यादव, कक्षा नौ स्नेहा यादव को सम्मानित किया गया।

## गौ आश्रय स्थलों के लिए जारी धन का दुरुपयोग न हो

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** प्रदेश के पशुधन, दुग्ध विकास एवं राजनैतिक पेंशन मंत्री धर्मपाल सिंह ने मंगलवार को जनपद भ्रमण के दौरान सर्किट हाउस सभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ गौवंश संरक्षण, भूसा संग्रहण आदि प्रकरणों पर मंडलीय समीक्षा बैठक किया। उन्होंने भूसा बैंक बनाने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक गौ आश्रय स्थल में कम से कम 10 कुंतल भूसा अवश्य रहने की हिदायत दी। गौ आश्रय स्थलों में भरण पोषण के लिए जारी धनराशि का दुरुपयोग न हो इसके लिए अधिकारियों को सख्त हिदायत दी। पशुधन मंत्री ने राज्य वित्त आयोग की धनराशि के लिए खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि उसे गौ आश्रय स्थलों पर भी लगाया जाए।

## जटिल बीमारियों के लिए दूसरे शहर नहीं जाना होगा

● ब्रेथ ईज़ी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल रामनगर में अब मैक्स, दिल्ली और एम्स के डॉक्टर देंगे सेवा



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** स्थानीय निवासियों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएँ प्रदान करने के संकल्प के साथ, ब्रेथ ईज़ी हॉस्पिटल, रामनगर ने अपने चिकित्सा पैनल में देश के प्रतिष्ठित संस्थानों के विशेषज्ञ डॉक्टरों को शामिल किया है। अब मरीजों को जटिल बीमारियों के इलाज के लिए बड़े शहरों की ओर दौड़ने की जरूरत नहीं होगी। मैक्स हॉस्पिटल साकेत, दिल्ली के विशेषज्ञ डॉ. स्वप्निल पाठक चेस्ट एवं क्रिटिकल केयर विशेशज्ञ हैं, अब नियमित रूप से संस्थान में उपलब्ध रहेंगे। एम्स गोरखपुर की स्त्री रोग विशेषज्ञ प्रसूति रोग विभाग को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए डॉ. शिवांगी पांडेय अपनी सेवाएँ प्रदान करेंगी। वे महिलाओं से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं और प्रसव संबंधी जटिलताओं के लिए परामर्श उपलब्ध कराएंगी। ब्रेथ ईज़ी हॉस्पिटल के निदेशक एवं वरिश्ठ चेस्ट, टीबी, एलर्जी एवम अस्थमा रोग विशेषज्ञ डॉ एस.के पाठक ने बताया कि, 'हमारा लक्ष्य रामनगर और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को उनके घर के पास ही विशेषज्ञ डॉक्टरों का परामर्श और आधुनिक चिकित्सा तकनीक उपलब्ध कराना है।




**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/ निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते है। **क्र० सं०–1, ई–प्रापण निविदा संख्या : DYCE-CON-BR-GKP-06-2026** क्लोजिंग दिनांक: 30.04.2026, **कार्य का नाम** – रेल संरचना के सत्यापन/ पुष्टिकरण/ गणना के लिए उपकरण परीक्षण करना पुल संख्या 173 (4x18.3 मीटर) (जीकेसी– केएचएम के बीच) और पुल संख्या 176 (3x12.2 मीटर)के निचले स्तर के गेज परिवर्तन को जारी रखने के लिए अंतःक्रिया विश्लेषण डीएमजी– जीकेपी–जीकेसी– केएचएम तीसरी लाइन परियोजना के संबंध में जीकेसी–जीकेपी की तीसरी लाइन और बहराइच–नानपारा में पुल संख्या 39 (6x12.2 मीटर) का गेज परिवर्तन उत्तर पूर्वी रेलवे का गेज रुपांतरण। अनुमानित निविदा मुल्य : 62,22,953.55, बयाना राशि (रू०) : 1,24,500.00, निविदा प्रपत्र का मुल्य (रू०) : 0.00, कार्य पूर्ण करने की अवधि : 12 (बारह माह) ● बिड प्रारम्भ करने की तिथि– दिनांक 16.04.2026 ● उपरोक्त ई–निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथि – दिनांक 30.04.2026 15.00 बजे तक। ● उपरोक्त ई–निविदा खुलने की तिथि – दिनांक 30.04.2026 15.00 बजे। ● निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट https://ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। ● निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें। श्री बी. नगेसिया कापाई/नि०/पुल–1, मो० 9794845232

उप मुख्य इंजीनियर/ निर्माण/पुल
मुजाधि/डब्ल्यू – 533 गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

## जयंती महोत्सव पर हनुमान दरबार में संगीत की झंकार

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** संकट मोचन मंदिर के महंत प्रो. विश्वम्भरनाथ मिश्र ने दस दिवसीय हनुमज्जयंती महोत्सव के बारे में बताया कि हनुमान जंयती महोत्सव के अवसर पर चैत्र शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 2 अप्रैल को संकट मोचन मंदिर प्रांगण में विशेष श्रृंगार, झांकी, आरती, पूजन होगा। इस दौरान रात्रिपर्यन्त नगर के विभिन्न रामायण मंडलियों द्वारा रामचरित मानस का अखंड पाठ आयोजित होगा। इसी क्रम में 3 अप्रैल से 5 अप्रैल तक सार्वभौम रामायण सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। इसके पश्चात संकट मोचन मंदिर प्रांगण में 6 अप्रैल से 11 अप्रैल तक छह दिवसीय रात्रिव्यापी मुक्ताकाशी संकट मोचन संगीत समारोह, जिसका 103वां वर्ष है, आयोजित किया जायेगा। इस बार संगीत समारोह में पद्म अवार्डी व प्रथम प्रवेशी कलाकार शिरकत करेंगे।

## गोपाल मंदिर से निकली शोभायात्रा

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** षष्ठपीठ गोपाल मंदिर में मुरलीधर महाराज का 122वां प्राकट्य महोत्सव मनाया गया। प्रातः मंगला दर्शन के पूर्व महाराज की छवि पर षष्ठपीठाधीश्वर श्याम मनोहर महाराज व षष्ठपीठ युवराज प्रियेन्दु बाबा ने छवि पर तिलक व माल्यार्पण कर वैष्णवजनों के साथ छवि को सुखपाल पर विराज कर भव्य शोभायात्रा निकाली। जो मंदिर परिसर से निकल कर चौखम्भा, जौहरी बाजार, ग्वालदास साहु लेन होने हुये पुनः मंदिर में प्रवेश किया। रास्ते में वैष्णवजन व सभी सनातनियों ने छविपर माल्यार्पण व पुष्पवर्षा की। उत्सव में अरूण पारिख, राजेश अग्रवाल, मीडिया प्रभारी अतुल शाह, गणेश दास सोनावाला, राजू गोढी, मधुसुदन दास सोनावाले व सभी सदस्यों का सहयोग प्राप्त था।

**जनमुख परामर्श मंडल**

**एस. कुमार**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल
ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष : अखिल भारतीय
मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन**
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
**ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'**

समाचार सम्पादक
**सरोज सिन्हा**

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

## सोनभद्र समाचार

### दो युवकों की संदिग्ध हालत में मौत



**सोनभद्र।** रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के गोरडीहा गांव में सोमवार की रात दो युवकों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतकों की पहचान सौरव शर्मा और देवदत्त के रूप में हुई है। घटना के बाद दोनों पक्षों में तनाव है और वे एक-दूसरे पर हत्या का आरोप लगा रहे हैं। फिलहाल पुलिस इसे एक्सीडेंट मानकर मामले की हर एंगल से जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि सौरव शर्मा और देवदत्त के बीच पहले से विवाद चल रहा था। इस विवाद को लेकर एक दिन पहले दोनों पक्ष कोतवाली और पुलिस लाइन भी पहुंचे थे। मंगलवार को भी उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया गया था। देर रात दोनों की मौत हो जाने से यह मामला और अधिक रहस्यमय हो गया है। मृतक सौरव शर्मा के परिजनों का आरोप है कि यह महज सड़क हादसा नहीं, बल्कि सुनियोजित हत्या है। मृतक की बहन ने बताया कि उनका भाई घर पर था, लेकिन शाम को सूचना मिली कि उसकी हत्या कर दी गई है। गांव के कुछ लोगों ने बताया कि युवक को दौड़ाकर मारा गया। परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि पहले की शिकायतों पर समय रहते कार्रवाई नहीं की गई।

## सुल्तानपुर समाचार

### लापरवाह इंस्पेक्टर सहित तीन पुलिस कर्मी निलंबित

**सुल्तानपुर।** गोसाईगंज के राजापुर देनवा तालाब के पास रविवार रात गोवंश की हत्या के मामले में गिरफ्तार आठ आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर सोमवार को एसीजेएम कोर्ट में पेश किया। पुलिस की कमजोर लिखा-पढ़ी से कोर्ट ने आरोपियों का रिमांड स्वीकार करने से मना करते हुए विवेचक की अर्जी खारिज कर दी। एसपी चारू निगम ने मंगलवार को लापरवाही में इंस्पेक्टर राम आशीष उपाध्याय, उप निरीक्षक अनिल कुमार यादव व हेड कांस्टेबल राघवेंद्र प्रताप सिंह को निलंबित कर दिया। जयसिंहपुर के सेमरी बाजार निवासी बजरंग दल के जिला सहसंयोजक यशदीप ठठेर ने 29 मार्च की रात 11 बजे की घटना बताते हुए गोसाईगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

## मऊ समाचार

### शिक्षकों से चार अप्रैल को दिल्ली कूच करने की अपील

**मऊ।** टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले शिक्षकों की बैठक मंगलवार को भीटी में हुई। इसमें आगामी चार अप्रैल को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाले टीईटी विरोधी आंदोलन की तैयारी के लिए रणनीति तय की गई। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष और जिलाध्यक्ष मऊ कृष्णानंद राय ने कहा कि टीएफआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा की अगुवाई में हो रहे इस टेट विरोधी आंदोलन में भी हमारी सफलता निश्चित है। उन्होंने कहा कि जब पूरे भारतवर्ष में किसी भी शिक्षक या कर्मचारी के लिए 25 वर्षों से अधिक की सेवा पूर्ण करने के बाद आगे की सेवा बरकरार रखने के लिए किसी परीक्षा का नियम नहीं है, तो बेसिक शिक्षकों को अपमानित करने के लिए यह संविधान विरोधी एवं अन्यायपूर्ण नियम लागू करना स्वीकार नहीं है। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. रामविलास भारती ने 4 अप्रैल को अधिक से अधिक संख्या में रामलीला मैदान, दिल्ली पहुंचने का आह्वान किया। बैठक में पर्यवेक्षक के रूप में मंडलिक मंत्री आजमगढ़ मंडल अतुल कुमार सिंह ने कहा कि जिस प्रकार से हमें अपने संघर्षों के बदौलत सब कुछ मिला है, उसी प्रकार हम पुराने शिक्षकों पर टेट की अनिवार्यता को समाप्त कराकर ही दम लेंगे। बैठक को आशुतोष सिंह, सच्चिदानंद यादव, बाबूराम आदि ने संबोधित किया। अंत में महेंद्र यादव और कमला प्रसाद के असामयिक निधन पर शोक प्रकट किया गया।

## मीरजापुर समाचार

### ब्लॉक स्तर पर कंट्रोल रूम की स्थापना करें : डीपीआरओ

**मीरजापुर।** जिले में संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी ने समस्त सहायक विकास अधिकारी, पंचायत सचिव, बीसी, ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक एवं सफाई कर्मचारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए समीक्षा बैठक की। जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार ने एडीओ पंचायत से कहा कि प्रत्येक विकास खंड स्तर पर कंट्रोल रूम की स्थापना सुनिश्चित की जाए, जिससे अभियान की प्रभावी निगरानी एवं समस्या का त्वरित निस्तारण किया जा सके। उन्होंने अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में व्यापक स्तर पर साफ-सफाई एवं जनस्वास्थ्य से संबंधित गतिविधियों को प्राथमिकता के साथ संचालित करने के निर्देश दिए।

## भदोही समाचार

### आदेश की अवहेलना करने पर डीएम को कारण बताओ नोटिस

**ज्ञानपुर।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आदेश की अनदेखी करने पर जिलाधिकारी शैलेश कुमार को अवमानना नोटिस जारी की है। डीघ ब्लॉक के बड़ागांव में पाई गई 3.68 लाख की वित्तीय अनियमितता के लिए कार्रवाई न होने पर हाईकोर्ट ने कड़ा रूख अख्तियार करते हुए नोा-टिस जारी करके एक महीने में कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। कहा कि कार्रवाई के बाद प्रति की एक कॉपी हाईकोर्ट और एक प्रति परिवादी को डाक से भेजने का निर्देश दिया था। डीघ ब्लॉक के बड़ागांव निवासी डॉ. कृष्ण मोहन शुक्ला ने ग्राम प्रधान फूलकुमारी मौर्य के खिलाफ गांव में हुए विकास कार्यों में वित्तीय अनियमितता की शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने 28 जुलाई 2025 को शिकायत की थी। शिकायत के बाद हाईकोर्ट के आदेश पर डीएम ने मामले की जांच कराई थी। जांच में पाया गया कि प्रधान ने अपने पद का दुरूपयोग करते हुए परिवार के सदस्य पति, पुत्र, पुत्र वधू और देवर को तीन लाख 68 हजार 13 रुपये अवैधानिक तरीके से मजदूरी के मद में भुगतान किया था। आरोप लगाया कि मामले में प्रधान को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया, लेकिन उसके बाद से अब तक उनके वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार सीज नहीं किए गए। न ही उन्हें पद से हटाया गया। कार्रवाई नहीं होने शिकायकर्ता डॉ. कृष्ण मोहन ने हाईकोर्ट में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद हाईकोर्ट ने इसे कार्य में लापरवाही मानते हुए जिलाधिकारी शैलेश कुमार को कारण बताओ नोटिस जारी किया। एक महीने के भीतर संबंधित प्रधान पर कार्रवाई करके सूचना देने का आदेश दिया।


## जौनपुर समाचार

### जुलाई में पूर्वांचल विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह की तैयारी

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह इस बार जुलाई में कराने की तैयारी है। राजभवन के निर्देश के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन सेमेस्टर परीक्षाएं समय से कराकर रिजल्ट समय घोषित करने की तैयारी में जुटा है। पूर्वांचल विश्वविद्यालय प्रशासन ने दीक्षांत समारोह की तैयारियां को लेकर खाका तैयार करने के लिए निर्देश दिए हैं। विश्वविद्यालय से जौनपुर और गाजीपुर जिले में 604 महाविद्यालय संबद्ध हैं। जौनपुर में 231 महाविद्यालय हैं। इनमें 3 राजकीय, 14 अनुदानित और 214 स्ववित्तपोषित महाविद्यालय शामिल हैं। इसी प्रकार गाजीपुर में कुल 373 महाविद्यालयों का संचालन हो रहा है। इनमें 4 राजकीय, 8 अनुदानित महाविद्यालय हैं। शैक्षणिक सत्र नियमित करने के लिए यह पहल की जा रही है। इसलिए 29वां दीक्षांत समारोह जुलाई के अंतिम सप्ताह में आयोजित कराने की तैयारी चल रही है।

## गोरखपुर समाचार

### ट्रैक्टर से कुचलकर मासूम की मौतःमालिक-चालक पर केस दर्ज



**गोरखपुर।** मंगलवार शाम सड़क किनारे घर जा रहे मासूम को बेकाबू ट्रैक्टर-ट्रॉली ने कुचल दिया। हादसे के बाद चालक मौके पर ही ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। जब तक ग्रामीण पहुंचे तब तक मासूम ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने बताया कि बच्चे के पिता की मौत छह महीने पहले करंट लगने से हुई थी। अब इकलौते बेटे की मौत से मां और परिजनों का बुरा हाल है। मृतक के चाचा संतोष ने आरोप लगाया है कि यह दुर्घटना नहीं, हत्या है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर ट्रैक्टर मालिक जगदीश यादव और चालक अभिषेक यादव के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मामला झंगहा थाना क्षेत्र के विश्वनाथपुर गा-ंव के गड़ेरिया टोले का बताया जा रहा है। मृतक मासूम की पहचान विश्वनाथपुर निवासी सोनम के बेटे राज साहनी के रूप में हुई है। छह महीने पहले पिता प्रमोद साहनी की करंट लगने से मौत हो गई है। मंगलवार शाम करीब 7 बजे ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से एक मासूम बालक की मौत हो गई। परिजनों ने इसे दुर्घटना नहीं, बल्कि जानबूझकर की गई हत्या बताया है। बता जा रहा है कि राज साहनी अपने घर जा रहा था। इसी दौरान गेहूं लेकर जा रही एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उसे कुचल दिया। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़कर मौके से फ-रार हो गया। ग्रामीण जब तक घटनास्थल पर पहुंचे, बालक की मौत हो चुकी थी। मृतक के चाचा संतोष ने थाने में तहरीर दी है। उन्होंने आरोप लगाया है कि यह कोई सामान्य दुर्घटना नहीं है, बल्कि राज को जानबूझकर कुचला गया है। पुलिस ने इस तहरीर के आधार पर ट्रैक्टर मालिक जगदीश यादव और चालक अभिषेक यादव के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पिता की मौत के बाद इकलौते बेटे राज की मौत से मां सोनम का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार के अन्य सदस्य सदमे में हैं। सूचना मिलने पर झंगहा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्म के लिए भेज दिया। ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में ले लिया गया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपी मालिक और चालक फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।


## चंदौली समाचार

### मंदिर के पास नाली में अचेतावस्था में मिला युवक, अस्पताल में मौत

**चंदौली।** बलुआ थाना क्षेत्र के अमरीपुर गांव में काली माता मंदिर के समीप नाली में आनंद कुमार पांडेय (30) मंगलवार की सुबह अचेतावस्था में पड़ा मिला। वह रात से ही घर से लापता था। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस युवक को जिला अस्पताल ले गई जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद से पिता अजय कुमार, माता विद्या देवी, बड़ा भाई अभिषेक का रोकर बुरा हाल है। बलुआ एसओ अरुण कुमार सिंह ने बताया अमरीपुर गांव निवासी आनंद कुमार पांडेय घर पर रहकर खेती करता था। सोमवार की शाम वह घर से कहीं चला गया। इसके बाद रातभर वह नहीं लौटा। परिवार वालों ने उसकी काफी खोजबीन की लेकिन उसका कहीं भी पता नहीं चला। मंगलवार की सुबह आनंद काली माता मंदिर के पास छोटी नाली के पास अचेतावस्था में मिला।

## गाजीपुर समाचार

### गंगा में डूबे युवक की तलाश



**गहमर।** कोतवाली क्षेत्र के नरवाघाट पर बीते 29 मार्च को नहाते समय गंगा में डूबे युवक का तीसरे दिन भी पता नहीं चला। बिहार से आए गोताखोर युवक की तलाश में मंगलवार को भी गंगा में उतरे, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। करीब आधा किलोमीटर गोताखोरों ने युवक की तलाश की, लेकिन पता नहीं चला।

गांव के भैरवराय पट्टी निवासी सत्यनारायण गुप्ता उर्फ रिंकू (40) बीते 29 मार्च की सुबह करीब दस बजे घर से गंगा नदी के नरवाघाट पर नहाने गए थे। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजन खोजबीन करते हुए गंगा घाट पहुंचे। घाट की सीढियों पर युवक का कपड़ा पड़ा हुआ मिला। तब से उसकी तलाश की जा रही थी, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। पानी की धारा तेज चलने से युवक के बालू में दबने की आशंका गोतखोरों ने जताई। इधर, परिजनों के रोने- बिलखने से घाट पर ग्रामीणों की भीड़ लगी रही। डूबे युवक की पत्नी व बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। बीते तीन दिनों से घर में चूल्हा भी नहीं जला है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद सिंह ने बताया कि बिहार के गोताखोर को बुलाकर तलाश कराई गई है, लेकिन अब तक पता नहीं चल सका है।

## बलिया समाचार

### पुजारी ने बेटों के नाम कर दी 32 बीघा जमीन की वसीयत

**पंदह।** पकड़ी थाना क्षेत्र के उकछी गांव स्थित करीब 200 वर्ष पुराने शिवजी भगवती जी सर्वकार मठ की 32 बीघा जमीन का बड़ा विवाद सामने आया है। मठ की देखरेख करने वाले पुजारी रामाश्रय यति पर गंभीर आरोप है कि उन्होंने धार्मिक संपत्ति को निजी स्वार्थवश अपने तीन पुत्रों के नाम वसीयत कर दी। ग्राम प्रधान राजकुमार प्रसाद ने बताया कि पुजारी ने 10 मार्च 2025 को मठ की पूरी 32 बीघा भूमि सहित समस्त चल-अचल संपत्तियों की वसीयत अपने पुत्रों संतोष गिरी, कृष्णा गिरी और अमरेश गिरी के नाम कर दी। हैरानी की बात यह है कि वसीयत के लगभग चार माह बाद ही पुजारी की मृत्यु हो गई, जिसके बाद उनके पुत्रों ने उक्त वसीयत के आधार पर राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू की थी। करीब एक वर्ष तक यह मामला दबा रहा, लेकिन जैसे ही इसकी जानकारी ग्रामीणों को तो इसे धार्मिक आस्था के साथ छल बताते हुए आपत्ति जताई है।

## प्रयागराज समाचार

### ननद-भाभी एक साथ PCS अफसरः एक-दूसरे का सहारा बनीं



**प्रयागराज।** आकृति शुक्ला ने 2 बार यूपीपीसीएस की परीक्षा दी। दोनों बार प्रीलिम्स से ही बाहर हो गईं। इस दौरान उनके भाई अमित की शादी हुई। भाभी श्रेया शर्मा घर आ गईं। वह भी यूपीपीसीएस की तैयारी कर रही थीं। अब दोनों एक-दूसरे का सहारा बनीं। आकृति के जो सब्जेक्ट कमजोर थे, उनमें श्रेया ने मदद की और जो सब्जेक्ट श्रेया के कमजोर थे, उसमें आकृति मदद करने लगी।

सास-ससुर ने भी बहू को बेटी की तरह समझा। आकृति और श्रेया को घर के कामों से फ्री रखा। नतीजा ये हुआ कि यूपीपीसीएस-2024 के रिजल्ट में आकृति शुक्ला डिप्टी एसपी बन गईं हैं, उनकी भाभी श्रेया कमर्शियल टैक्स ऑफिसर। अब परिवार में जश्न का माहौल है, लेकिन लोगों में मन में एक सवाल ये जरूर है कि आकृति और श्रेया किस तरह एक-दूसरे का सहारा बनकर सफलता की सीढ़ियां चढ़ती चली गईं। अमित के साथ उनकी पत्नी श्रेया और बहन आकृति और श्रेया के भाई शुभम। अमित कहते हैं- घर में दोनों को बिल्कुल फ्री रखा गया, ताकि वे पढ़ाई कर सकें।

प्रयागराज में मम्फोर्डगंज मोहल्ला है। यहीं अखिलेश शुक्ला अपने परिवार के साथ रहते हैं। अखिलेश का पुश्तैनी घर जौनपुर के सुजानगंज इलाके के बर्जी कला गांव में है। वह प्रयागराज में ही कंट्रोलर ऑफ डिफेंस अकाउंट्स में सीनियर ऑडिटर के पद पर रहे थे। यहीं अपना घर बनाया और परिवार के साथ रहने लगे। घर में उनकी पत्नी के अलावा बेटे अमित और बेटी आकृति शुक्ला हैं। अखिलेश के दो बड़े भाई भी सरकारी नौकरी में रहे, वह भी मम्फोर्डगंज में ही रहते हैं। हमने अखिलेश से पूछा- घर में पढ़ाई का इतना अच्छा माहौल कैसे बना? वह कहते हैं- हमारे घर में भाई सरकारी नौकरी में रहे हैं, इसलिए पढ़ाई का माहौल पहले से बना हुआ था। अमित और आकृति ने जो भी पढ़ाई करनी चाही, हमने उन्हें कभी नहीं रोका। बस यही देखा कि क्या ये पढ़ाई उचित है या फिर नहीं।

## आजमगढ़ समाचार

### हत्या की सूचना पर पहुंची पुलिस, परिजनों ने बताया हार्ट अटैक से मौत



**आजमगढ़।** जिले के अहरौला थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव में मंगलवार सुबह हत्या की सूचना से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन परिजनों ने घटना को हार्ट अटैक से हुई मौत बताया। पनकरपुर (शाहपुर) गांव निवासी जगरोपन यादव (62) अपने घर पर रह रहे थे। मंगलवार सुबह किसी ने पुलिस को सूचना दी कि दो भाइयों के बीच विवाद में एक की हत्या कर दी गई है। इस पर अमित कुमार मिश्रा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस द्वारा पूछताछ में मृतक की पत्नी कुमारी देवी ने बताया कि उनके पति को पहले से ही हार्ट अटैक की बीमारी थी और मंगलवार सुबह नहाते समय उन्हें दिल का दौरा पड़ा, जिससे उनकी मृत्यु हो गई।

उन्होंने पोस्टमार्टम कराने से भी साफ इनकार कर दिया। हालांकि गांव में घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं। बताया जा रहा है कि सुबह मृतक के भाई के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी, जिसके बाद वह वापस लौट गया। लेकिन इस संबंध में कोई भी व्यक्ति खुलकर बोलने को तैयार नहीं है। घटना की सूचना पर फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और साक्ष्य संकलन में जुट गई।

## देवरिया समाचार

### देवरिया के सोनूघाट-बरहज मार्ग को फोरलेन बनाने की मंजूरी



**देवरिया।** जिले के सोनूघाट-बरहज मार्ग को अब फोरलेन में विकसित किया जाएगा। लगभग 21 किलोमीटर लंबे इस मार्ग के चौड़ीकरण के लिए शासन से मंजूरी मिल गई है। परियोजना के लिए 172 करोड़ 25 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति दी गई है, जिसमें से पहली किस्त के रूप में 10 करोड़ रुपये जारी कर दिए गए हैं। यह मार्ग पिछले लगभग दो दशकों से खराब स्थिति में था। सिंगल लेन होने के कारण कई स्थानों पर सड़क पूरी तरह गड्ढों में बदल चुकी थी, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती थीं और लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। लोक निर्माण विभाग द्वारा हर वर्ष मरम्मत के नाम पर केवल खानापूर्ति की जाती रही, जिससे कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया था। अब इस सड़क को फोरलेन में बदलने से यातायात सुगम और सुरक्षित होगा। सड़क की चौड़ाई बढ़ाने के लिए कई स्थानों पर भूमि अधिग्रहण भी किया जाएगा। परियोजना के तहत आधुनिक मानकों के अनुरूप सड़क का निर्माण किया जाएगा, जिससे क्षेत्र में विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है। फोरलेन बनने के बाद यात्रा का समय कम होने के साथ-साथ व्यापार, परिवहन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा। अधिकारियों ने बताया कि निर्माण कार्य जल्द ही शुरू कराया जाएगा, ताकि क्षेत्रवासियों को बेहतर सड़क सुविधा मिल सके। लोक निर्माण विभाग के संयुक्त सचिव राजेश प्रताप सिंह ने प्रमुख अभियंता, जिलाधिकारी और प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता को पत्र जारी कर इसकी जानकारी दी है। विभाग द्वारा पिछले महीने ही टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई थी, जिससे अब निर्माण कार्य शुरू होने का रास्ता साफ हो गया है। अधिकारियों का कहना है कि जरूरी औपचारिकताएं पूरी होते ही निर्माण कार्य धरातल पर उतर जाएगा। करीब 21.75 किलोमीटर लंबे इस मार्ग को फोरलेन में विकसित किया जाएगा। वर्तमान में सड़क की चौड़ाई लगभग सात मीटर है और कई स्थानों पर यह जर्जर होकर गड्ढों में तब्दील हो चुकी है।

## लाइफ मंत्र

### चैत्र पूर्णिमा की रात करें ये 3 उपाय, मां लक्ष्मी की कृपा से घर में होगी धन-धान्य की वृद्धि

हिंदू धर्म में पूर्णिमा तिथि का विशेष महत्व माना जाता है और साल में पड़ने वाली सभी 12 पूर्णिमा में चैत्र पूर्णिमा का अपना अलग स्थान है। इस दिन भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इसी दिन भगवान राम के परम भक्त हनुमान जी का जन्म हुआ था, इसलिए यह दिन हनुमान जयंती के रूप में भी मनाया जाता है। चैत्र पूर्णिमा के दिन स्नान, दान और पूजा-पाठ का विशेष महत्व होता है। मान्यता है कि इस दिन किए गए पुण्य कार्यों का कई गुना फल मिलता है।



वहीं, रात के समय कुछ विशेष उपाय करने से घर में सुख-समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का वास होता है।

**चैत्र पूर्णिमा 2026 कब है?**

इस वर्ष चैत्र पूर्णिमा तिथि 01 अप्रैल 2026 को सुबह 07:06 बजे से शुरू होकर 02 अप्रैल 2026 को सुबह 07:41 बजे तक रहेगी।

उदयातिथि के आधार पर 02 अप्रैल 2026, गुरुवार को मनाई जाएगी। इसी दिन स्नान-दान, पूजा- पाठ और हनुमान जयंती का पर्व भी मनाया जाएगा।

**चैत्र पूर्णिमा की रात करें ये 3 विशेष उपाय**

**ईशान कोण में दीपक जलाएं**

चैत्र पूर्णिमा की शाम प्रदोष काल में विधि-विधान से मां लक्ष्मी की पूजा करें और घर के उत्तर-पूर्व दिशा (ईशान कोण) में दीपक जलाएं। मान्यता है कि ऐसा करने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं और घर में धन-धान्य की वृद्धि होती है।

**श्रीसूक्त का पाठ करें**

रात्रि के समय मां लक्ष्मी के समक्ष दीपक जलाकर श्रद्धा के साथ श्रीसूक्त का पाठ करें। इससे आर्थिक स्थिति मजबूत होती है और घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

**चंद्र देव को अर्घ्य दें**

पूर्णिमा की रात चंद्रमा को कच्चे दूध, चीनी और चावल मिलाकर अर्घ्य अर्पित करें। ऐसा करने से मानसिक शांति मिलती है और जीवन में सुख-समृद्धि बढ़ती है।

**स्नान-दान का विशेष महत्व**

चैत्र पूर्णिमा पर पवित्र नदियों में स्नान और दान करने की परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है। मान्यता है कि इस दिन किए गए दान-पुण्य से सभी पापों का नाश होता है और जीवन में खुशहाली आती है।

# हनुमान जन्मोत्सव



॥ जय जय सियाराम ॥

अखिल विश्व - भारत भूमि के जीव जगत से अनुरोध है कि कल गुरुवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव है, जयंती नहीं है। हमें यह समझना होगा।

श्री रामचरित मानस के पंचम सोपान श्री सुंदर काण्ड में तुलसीदास जी ने लिखा है।

**। अजर अमर गुण निधि सुत होहु ।**
**करहूं बहुत रघुनायक छोहू ॥**

श्री हनुमान अजर है, अमर है। गुणों की निधि है। श्री राम सीता के सुत है। जिन को श्री राम जी अत्यंत प्रेम करते है।

इसलिए हम आप सभी श्री हनुमान जन्मोत्सव अथवा श्री हनुमान प्राकट्य उत्सव ही संबोधित करें। न कि श्री हनुमान जयंती।

जयंती उनकी मनाई जाती है जो इस जीव जगत - धरा में जन्मे और उनका मरण हुआ। पर श्री हनुमान पवन में है, अणु अणु, कण कण में हैं। उनका चारो युग में प्रताप है। श्री हनुमान जी से जगत उजियारा है अर्थात प्रकाशित है। वे हम आपके नेक चिंतन में है, वे सेवाओ में है। सत्संग में सबसे पहले आने वाले और सबके बाद में जाने वाले श्री हनुमान जी ही है।

वे परम सत्ता में विराजे है। इस कलयुग ( भक्ति काल) के राजा हैं। श्री हनुमान ही हम आपके साथ साथ है। अस्तु उत्साहित मन से सभी तक यह संदेश भेजिए। बधाइयां-शुभकामनाएं दीजिए। महा महोत्सव मनाइए। क्योंकि कल चैत सुदी पूर्णिमा

गुरुवार, 2 अप्रैल 2026 को अनंत बलवंत, सहज, उदार, प्रसन्नता के जीवंत प्रमाण, श्री हनुमान का जन्मोत्सव है। प्राकट्य उत्सव है।



प्रभु सेवक - दासानुदास
**संजय लोहिया**
श्री बाला जी पैलेस, काशी



# क्या है ऑटिज्म? इन लक्षणों को भूलकर भी न करें नजरअंदाज, जानें Experts की राय

**दुनियाभर में बढ़ती इस तरह की समस्या के खतरों को कम करने के लिए हर साल 02 अप्रैल को वर्ल्ड ऑटिज्म अवेयरनेस मनाया जाता है। इसमें ऑटिस्टिक विकारों के शिकार व्यक्तियों के बारे में जागरुकता बढ़ाने के उपाय बताए जाते हैं।**

हर साल 02 अप्रैल को वर्ल्ड ऑटिज्म अवेयरनेस डे मनाया जाता है। यह बच्चों के मस्तिष्क के विकास से संबंधित एक गंभीर समस्या है। जिसका असर जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकता है। लेकिन समय रहते बच्चों में इसके लक्षणों की पहचान और इलाज किया जाए, तो उनमें काफी हद तक सुधार आने की संभावना हो सकती है। एक अनुमान के मुताबिक हर 100 में से एक बच्चा ऑटिज्म का शिकार होता है, जिसके लिए दैनिक जीवन के काम करना और नाम सुनते ही जवाब देने में विफलता या लोगों से अलग-थलग रहने की समस्या हो सकती है।

दुनियाभर में बढ़ती इस तरह की समस्या के खतरों को कम करने के लिए हर साल 02 अप्रैल को वर्ल्ड ऑटिज्म अवेयरनेस मनाया जाता है। इसमें ऑटिस्टिक विकारों के शिकार व्यक्तियों के बारे में जागरुकता बढ़ाने के उपाय करने और बच्चों में इसके खतरे को कम करने के बारे में लोगों को जागरुक करना है।

**जानिए क्या है ऑटिज्म**

बता दें कि ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर मस्तिष्क के विकास से संबंधित समस्या है। जो इस बात को प्रभावित करती है कि एक व्यक्ति का दूसरों के साथ व्यवहार कैसा है। इस बीमारी के शिकार लोगों में बातचीत के कौशल और सामाजिक संपर्क में समस्याएं होने लगती हैं। इस विकार की वजह से दैनिक जीवन के सामान्य कार्यों और व्यवहार को करने तक में परेशानी हो सकती है। वहीं एएसजी के लक्षण बचपन में दिखने लगते हैं। अक्सर बच्चों में जन्म के पहले साल में ही ऑटिज्म के लक्षणों की पहचान की जा सकती है। 18 से 24 महीने की उम्र में यह विकार बढ़ी हुई समस्याओं के रूप में नजर आने लगती है।

**बच्चों में होने वाली दिक्कतें**

कुछ बच्चों में जन्म के पहले साल में इसके लक्षण साफ तौर पर नजर आने लगते हैं। जैसे बच्चे का आई कॉन्टैक्ट कम होना, बार-बार किसी बात को रटते रहना, नाम सुनने की प्रतिक्रिया में कमी और ध्यान केंद्रित करने में परेशानी महसूस होना आदि। ऑटिज्म स्पेक्ट्रम विकार वाले कुछ बच्चों को सीखने आदि में परेशानी होती है। वहीं कुछ बच्चों में सामान्य से कम बुद्धि के लक्षण होते हैं। इस विकार वाले अन्य बच्चों में सामान्य से उच्च बुद्धि हो सकती है। वह जल्दी सीखते हैं और रोजमर्रा की जिंदगी में जो भी जानते हैं, उसको संप्रेषित करने और प्रयोग करने में परेशानी हो सकती है।

**समस्याएं**

ऐसे काम करना जो खुद को नुकसान पहुंचा सकती है, जैसे सिर पीटना या काटना। दिनचर्या के एक खास रूटीन में रमा होना और थोड़े सा बदलाव होने पर परेशान हो जाना। समन्वय के साथ समस्याएं होना, जैसे पैर की उंगलियों पर चलना या फिर शरीर का बैलेंस बनाने में समस्या होना। ध्वनि, प्रकाश या स्पर्श के प्रति असामान्य रूप से संवेदनशील होना। सामाजिक या भाषा कौशल में कठिनाई होना।

**डॉक्टरों की लें मदद**

जन्म के पहले-दूसरे साल में ऑटिज्म स्पेक्ट्रम विकार के लक्षण दिखने लग जाते हैं। अगर आप अपने बच्चे के विकास के बारे में चिंतित हैं, या फिर आपको संदेह है कि आपके बच्चे को ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर हो सकता है। इसलिए डॉक्टर से चर्चा करें। वैसे तो ऑटिज्म के लिए कोई खास इलाज नहीं है पर थेरेपी और अन्य उपायों के जरिए इन लक्षणों में सुधार करके जीवन की गुणवत्ता को सुधारा जा सकता है।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762





बच्चों के डॉक्टर

मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ

गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक
रविवार 9 से 1 बजे तक
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

# Social Media की Negativity है धीमा ज़हर, आपकी Mental Health पर ऐसे हो रहा हमला



क्या आप जानते हैं सोशल मीडिया की निगेटिविटी को हमारा दिमाग एक खतरे की तरह देखता है। ऐसे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि सोशल मीडिया की निगेटिविटी कैसे हमारे मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करती है। आजकल हम सुबह उठते ही सबसे पहले अपना फोन चेक करते हैं। फोन स्क्रॉल करते हुए हमारी नजर कभी किसी राजनीतिक विवाद पर पड़ती है, तो कभी नफरत कमेंट्स या कभी किसी हादसे की खबर पर। हम जाने-अंजाने में पूरा दिन इस निगेटिविटी से घिरे रहते हैं। हालांकि आपको लगे कि यह सिर्फ एक पोस्ट है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि आपका दिमाग इसको एक खतरे की तरह देखता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि सोशल मीडिया की निगेटिविटी कैसे हमारे मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करती है।

**स्ट्रेस हार्मोन**

जब आप लगातार दुख भरी खबरें, हिंसा और गुस्से वाली खबरें देखते हैं। तो हमारा दिमाग कोर्टिसोल हार्मोन रिलीज करने लगता है। सोशल मीडिया पर दिखने वाली निगेटिविटी दिमाग को संकेत देती है कि हम किसी खतरे में है, जिस कारण हम हर समय घबराहट या तनाव महसूस करते हैं।

**डूमस्क्रॉलिंग की आदत**

अगर आप बुरी खबरें देख रहे हैं और चाहकर भी नहीं रुक पा रहे हैं, तो इसको डूमस्क्रॉलिंग कहा जाता है। बुरी खबरों को हमारा दिमाग ज्यादा अहमियत देता है। जिससे कि हम सतर्क रह सकें। लेकिन सोशल मीडिया पर यह एंडलेस साइकिल बन जाता है, जिससे सिरदर्द, नींद की कमी और मानसिक थकान होने लगती है।

**कंपेरिजन और हीन भावना**

बता दें कि नकारात्मकता सिर्फ खबरों तक की सीमित नहीं होती है। दूसरों की परफेक्ट लाइफ देखकर खुद को उनसे कम आंकना भी निगेटिव अनुभव है। जब आप अपनी की तुलना दूसरों के फिल्टर वाली जिंदगी से करते हैं। तो हमारे अंदर जलन और लो सेल्फ एस्टीम पैदा होती है। धीरे-धीरे यह डिप्रेशन का भी रूप ले सकती है।

**रेज बेटिंग का ट्रेंड**

सोशल मीडिया पर आजकल रेज बेटिंग का ट्रेंड काफी चल रहा है। इसमें ऐसा कंटेंट जानबूझकर बनाया जाता है, जिससे आपको गुस्सा आए और आप इस तरह के पोस्ट पर कमेंट करें। एंगेजमेंट बढ़ाने के लिए लोग ऐसा कंटेंट बनाते हैं। जिस कारण आपको गुस्सा आता है, स्ट्रेस हार्मोन रिलीज होता है और बीपी बढ़ता है।

**अन्य गंभीर असर**

लगातार बदलती और निगेटिव जानकारी हमारे अटेंशन को कम कर देती हैं। जिस कारण हम किसी एक काम पर पूरी तरह से फोकस नहीं कर पाते हैं।

जब हम सोशल मीडिया पर रोजाना बहुत सारी हिंसा या फिर दुखद कंटेंट देखते हैं। तो हमारा दिमाग उनकी तरफ सुन्न हो जाता है। वहीं हम दूसरों के दुख के लिए संवेदनहीन होने लगते हैं। सोशल मीडिया पर नफरत भरे शब्द और बहस आदि हमारे व्यवहार में दिखने लगते हैं। जिस कारण हम छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करने लगते हैं।

कार्ड एवं स्टेशनरी

शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप

Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप

NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS MENS TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप

DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ

पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थैरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch
9324652370
Bandra Branch
8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ

काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ

समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ

ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]
OPD Time
12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ

तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ

डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170